उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715

फोन नं0: (05947)-252276, 254275, फैक्स नं0 : (05947)-255021, 252276

email : **secy-ubse-uk@nic.in** वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in/www.ukutet.com**

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2020

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के द्वारा दिनांक 24 मार्च 2021 को आयोजित **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2020 का परीक्षाफल परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET ऑइकॉन** एवं **www.ukutet.com पर पर उपलब्ध है।** परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी परिषद् की उक्त वेबसाइट पर जाकर अपनी **लॉगइन आई0डी0 अथवा अनुक्रमांक व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) अंकित कर अपना परीक्षाफल (अंक पत्र) डाउनलोड कर सकते हैं।

यह परीक्षा दिनांक 24 मार्च 2021 **को राज्य भर में स्थित 29 परीक्षा शहरों में बने 177 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों (प्रथम पाली में यू0टी0ई0टी0 प्रथम एवं द्वितीय पाली में यू0टी0ई0टी0 द्वितीय) आयोजित की गयी थी।** परीक्षाफल का विस्तृत संख्यात्मक विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	परीक्षा का नाम	कुल पंजीकृत अभ्यर्थी	परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी	कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थी	उत्तीर्ण प्रतिशत
1	UTET I	42817	39309	10166	25.86
2	UTET II	42570	39180	7230	18.45

परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को अंकपत्र डाक द्वारा भी प्रेषित किये जायेंगे। परीक्षा में उत्तीर्ण (अर्ह) अभ्यर्थियों को अंकपत्र–सह–प्रमाणपत्र निर्गत किया जायेगा। प्रत्यावेदनों के निस्तारणोंपरांत दोनों परीक्षाओं की अंतिम **Answer Key** भी परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन पर उपलब्ध है।

परिषद् परीक्षा को शान्तिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पादित करवाने हेतु परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त विभागीय कार्मिकों एवं अधिकारियों (मुख्य शिक्षा अधिकारी/नियंत्रक अधिकारी, नोडल अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों, कक्ष निरीक्षकों एवं कार्यालय कार्मिकों) तथा प्रशासन के अधिकारियों/कार्मिकों(सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं कोषागार के अधिकारियों/कार्मिकों एवं पुलिस प्रशासन) का आभार व्यक्त करती है।

30/4/2021

प्र.सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर नैनीताल।